सवा करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में आज आएंगे 1835 करोड़

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को जिला भिंड के लहार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग एक करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा अंतरण करेंगे. मप्र सरकार की इस योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को योजना की शुरुआत से अब तक की 38वीं नियमित मासिक किश्त का भुगतान किया जाएगा.

सीएम लहार में आयोजित कार्यक्रम में राशि करेंगे अंतरित

राज्य सरकार द्वारा माह नवंबर 2025 से इस मासिक आर्थिक सहायता राशि में 250 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने के बाद से सभी पात्र हितग्राही महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की निरंतर वित्तीय सहायता मिल रही है. योजना की शुरुआत यानी जून 2023 से लेकर जून 2026 तक सरकार द्वारा कुल 37 किश्तों का नियमित अंतरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 238.96 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके 40 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे. साथ ही, क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 83.33 करोड़ की लागत वाली 16 नई लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का भूमि-पूजन और शिलान्यास भी किया जाएगा.

ऑनलाइन कोर्स के लिए पंजीकरण शुरू

- घर बैठे कर सकेंगें आईआईटी और आईआईएम से कोर्स
- उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 11 जुलाई. मप्र के कॉलेज छात्र अब घर बैठे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे. उच्च शिक्षा विभाग ने जुलाई 2026 सत्र के लिए स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस संबंध में विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों सहित सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं.

जिसके तहत यूजीसी द्वारा स्वीकृत इन ऑनलाइन कोर्सेज की सूची पोर्टल पर जारी कर दी गई है. विभाग ने सभी संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे इस सूची को अपने सभी डीन, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के बीच प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें. वहीं इसके तहत छात्र अपनी पसंद के विषयों का चयन कर निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकते हैं.

अलग-अलग पाठ्यक्रमों के लिए तय की गई तिथियां

बता दें इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए अलग-अलग तारीखें तय की गई हैं. यूजीसी, इग्नू, एआईसीटीई और आईआईएम बेंगलुरु जैसे संस्थानों के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त रखी गई है. इसके अलावा आईआईटी मद्रास के एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों के पहले सेट के लिए 27 जुलाई और दूसरे सेट के लिए 17 अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा.

मंत्रालय के गलियारे से

कब तक खाली रहेगा 5वीं मंजिल का कमरा

कन्हैया लोधी

मंत्रालय की पांचवीं मंजिल में यदि अफसरों को पोस्टिंग मिल जाए तो फिर उसका रसूख बढ़ जाता है. प्रदेश के ताकतवर अफसरों में उनकी गिनती होने लगती है, आखिर सरकार चलाने की बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधे पर होती है, लेकिन इस मंजिल का एक कक्ष इन दिनों खाली पड़ा है. दरअसल यहां जो अफसर बैठता है, वह टिक नहीं पाता है. यहां स्थिति आया राम-गया राम की बनी हुईहै. यहां से कुछ समय पहले एक ताकतवर अफसर को नीचे की फ्लोर का रास्ता दिखा दिया गया था, तब से कोई दूसरा अफसर इ ऊपर वाले कक्ष में आने तैयार नहीं है. ऐसे में अब सवाल ये है कि पांचवीं मंजिल का ये कमरा कब तक खाली रहता है, ये देखने वाली बात होगी.

रिटायरमेंट से पहले काम पर लगा दिया

अपेक्षाकृत बेहद लूप लाइन माने जाने वाले एक विभाग के प्रमुख सचिव ने रिटायरमेंट से पहले मातहतों को काम पर लगा दिया है. दरअसल इस महकमे का मैदानी अमला कागजी खानापूर्ति में ज्यादा व्यस्त रहता है. जमीन पर यदि वाकई काम हो तो फिर प्रदेश की तस्वीर बदलने में देर नहीं लगेगी, लेकिन मैदानी अमला पुरानी जकड़न से बाहर आने आसानी से तैयार नहीं था. साहब ने मॉनीटरिंग का ऐसा सिस्टम बनाया कि सब लाईनअप हो गए. इससे मैदानी अमला उनसे कुछ नाराज भी है, अब पीएस साहब का रिटायरमेंट करीब है, तो कुछ विभागीय अफसर दिन गिनने में लग गए हैं.

विभाग की कारगुजारियां और मंत्री जी की सफाई

धन-धान्य से भरपूर एक विभाग के अमले की कारगुजारियों का खामियाजा विभाग के मंत्री को भुगतना पड़ रहा है. उन्हें अब सफाई देने की नौबत आ रही है. दरअसल अनाज को इधर से उधर करने में विभाग के अफसर कुछ ज्यादा ही उस्ताद निकल रहे हैं, वे कुछ ज्यादा ही इधर से उधर कर रहे हैं, ऐसा कि किसी को नजर ही नहीं आए, तब मामला उजागर हुआ तो फिर बचाव के रास्ते निकाले जा रहे हैं. गड़बड़ी भी अपने गृह जिला से जुड़ा हुआ है तो फिर सवाल और उठ रहे हैं. बताया जा रहा है कि अब पिछले वर्ष के आंकड़े देकर ये साबित किया जा रहा है कि ये गड़बड़ी नहीं है.

ड्रग और राजनीति

प्रदेश की राजनीति में ड्रग एक स्थायी मुद्दा बन गया है. प्रदेश में जब-तब अवैध ड्रग के मामले उजागर होते ही रहते हैं. कभी इधर के तो कभी उधर से सफेदपोशों से इन ड्रग कारोबार से जुड़े लोगों के आत्मीय संबंध उजागर होते ही रहते हैं, गलबहियां ऐसी कि क्या ही कहें. अब पिछले दिनों विपक्ष के एक नेताजी लपेटे में आ गए. आखिर उनके करीबी पर पुलिस ने हाथ धर दिया था, बस फिर क्या था, राजनीति की इंट्री तो होनी ही थी, सो हो गई, आरोप-प्रत्यारोप अभी पूरे शबाब पर है.

राम मंदिर ट्रस्ट की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ट्रस्ट को तत्काल भंग करने तथा पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की.

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने भगवान राम और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का राजनीतिक लाभ उठाया तथा अब ट्रस्ट में कथित वित्तीय गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है. इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, स्वदेश शर्मा, कुंदन पंजाबी, अभिनव बरोलिया और आनंद जाट भी मौजूद थे. मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दशकों में भाजपा ने भगवान राम के समावेशी आदर्शों की जगह राजनीतिक विमर्श को स्थापित करने का प्रयास किया है.

दिल्ली-अशोकनगर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

गुरु पूर्णिमा पर यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

भोपाल, 11 जुलाई. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दिल्ली सराय रोहिल्ला और अशोकनगर के बीच एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है.

गाड़ी संख्या 04004 दिनांक 26 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला से रवाना होकर फरीदाबाद, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी और बीना होते हुए 27 जुलाई को प्रात: 4 बजे अशोकनगर पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 04003 30 जुलाई को शाम 5 बजे अशोकनगर से प्रस्थान कर 31 जुलाई को सुबह 8:45 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी. विशेष ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें थर्ड एसी, स्लीपर, जनरल और एसएलआर कोच शामिल हैं. रेलवे ने यात्रियों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने तथा यात्रा से पूर्व समय-सारिणी और ठहराव की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त करने की अपील की है.

नांदेड़-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 12 जुलाई से शुरू

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजूर साहिब नांदेड़ और टनकपुर के बीच नई साप्ताहिक एक्सप्रेस सेवा शुरू करने की घोषणा की है. गाड़ी संख्या 17631 नांदेड़-टनकपुर एक्सप्रेस का संचालन 12 जुलाई से प्रत्येक रविवार को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 17632 टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस का संचालन 14 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार को होगा. यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति और बीना स्टेशनों पर ठहरेगी, जिससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क मिलेगा. ट्रेन का मार्ग मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगा. इसमें द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित, शयनयान, सामान्य श्रेणी, पेंट्रीकार तथा अन्य आवश्यक कोचों सहित कुल 21 डिब्बे लगाए जाएंगे. रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व समय-सारिणी और अन्य विवरण आधिकारिक रेलवे पोर्टल से प्राप्त करने की अपील की है.

स्कूली शिक्षा में ड्रॉप-आउट दर हुई शून्य, सांदीपनि मॉडल की देश में हो रही सराहना : डॉ. यादव

नवभारत न्यूज

इंदौर 11 जुलाई, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा ही समाज में परिवर्तन लाने का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं।

हमारे बच्चे खूब पढ़ें, लिखें, जीवन में आगे बढ़े, इसके लिए हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों को आधुनिक तरीके से गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और संस्कारयुक्त शिक्षा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सांदीपनी विद्यालय, पीएमश्री स्कूल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस के रूप में प्रदेश में शिक्षा की त्रिवेणी बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने प्राथमिक स्कूली शिक्षा स्तर पर ड्रॉप-आउट दर को शून्य करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। हमारे सांदीपनि विद्यालय मॉडल की पूरे देश में सराहना हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इन्दौर में हिन्द रक्षक पुण्योदय प्रकल्प के कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूली छात्राओं को राष्ट्र के महापुरुषों के जीवन चरित्र पर केन्द्रित निशुल्क पुस्तकें एवं कॉपियां वितरित की। मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं से संवाद कर से उन्हें स्नेहपूर्वक खूब तरक्की करने का शुभाशीष भी दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में हमारे सरकारी विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सरकारी विद्यालयों का रिजल्ट प्राइवेट विद्यालयों से बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बोर्ड के परीक्षा परिणामों में हमारे सांदीपनी विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित सर्वोपरि एवं राष्ट्र प्रथम की नीति को केंद्र में रखते हुए समाज सुधार और लोगों को प्रेरित करने वाले अनेक कार्य हो रहे हैं। हिंद रक्षक संगठन के संस्थापक और जननेता स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ (लखन दादा) युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए तत्कालीन सरकार के कुशासन के खिलाफआवाज उठाई, मुझे भी उनका सहयोगी बनने का सौभाग्य मिला।

आज स्व. गौड़ की 68वीं जयंती पर पुण्योदय प्रकल्प के जरिए हर साल 60 हजार से अधिक विद्यार्थियों को कॉपी-किताबें और महापुरुषों के प्रेरक जीवन प्रसंगों पर केन्द्रित पुस्तकें बांटी गई हैं। हिंद रक्षक प्रकल्प का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। हमारे युवा इससे प्रेरणा लें और गरीब-जरूरतमंदों मित्रों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें। राज्य सरकार ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है।

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए गए हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से स्कूली शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार नजर आ रहा है। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं की ड्रॉप आउट दर शून्य हो चुकी है। अब प्रदेश का कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। पुण्योदय प्रकल्प के संयोजक श्री एकलव्य गौड़ ने कहा कि हिंद रक्षक प्रकल्प के संस्थापक स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ ने वर्ष 2004 में इस प्रकल्प की शुरुआत की थी। जिसके अंतर्गत 60 हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को 11 जुलाई से 11 अगस्त के दौरान पूरे एक महीने में 3 लाख से अधिक कॉपी-किताबें बांटी जाएंगी। सभी विद्यार्थी इनका सदुपयोग करें।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, इन्दौर सांसद श्री शंकर लालवानी, पूर्व मंत्री एवं विधायक सुश्री ऊषा सिंह, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, विधायिका श्रीमती मालिनी गौड़, विधायक श्री गोलू शुक्ला, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, समाजसेवी श्री गौरव रणदिवे, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

दुष्कर्म मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 जुलाई. मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में 10 वर्षीय मूक-बधिर बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के जघन्य मामले में न्यायालय ने तीनों दोषियों को उनके प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है तथा पीड़िता को नालसा पीड़ित प्रतिकर योजना-2018 के तहत पांच लाख रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि यह फैसला महिलाओं, बालिकाओं एवं दिव्यांगजनों के विरुद्ध अपराधों के प्रति मध्यप्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति और पीड़ित-केंद्रित, समयबद्ध कार्रवाई का परिणाम है.

गुमशुदगी के हर मामले में अब होगी अनिवार्य एफआईआर

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस ने गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को प्रत्येक गुमशुदगी के मामले में अनिवार्य रूप से प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं. यह व्यवस्था महिला और पुरुष, दोनों प्रकार के गुमशुदा व्यक्तियों पर समान रूप से लागू होगी.

पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, उप पुलिस महानिरीक्षकों तथा पुलिस अधीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है. यह निर्णय जी. गणेश बनाम तमिलनाडु राज्य एवं अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए हालिया आदेश के अनुपालन में लिया गया है. इससे पहले वर्ष 2012 में बचपन बचाओ आंदोलन प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने केवल गुमशुदा बच्चों के मामलों में अनिवार्य एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था. अब यह व्यवस्था सभी गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों पर लागू होगी.

तीन दिन हल्की बारिश से मिलेगी राहत

14 जुलाई से फिर तेज होगा मानसून एमपी में

40 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी

भोपाल, 11 जुलाई. मध्य प्रदेश में 11 से 13 जुलाई तक हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने इस अवधि में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है.

जिससे लगातार हो रही वर्षा से प्रभावित जनजीवन और खरीफ फसलों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार सक्रिय मानसूनी तंत्र फिलहाल कमजोर पड़ा है, जिसके कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रिमझिम बारिश होगी. भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर सहित सभी जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 14 जुलाई से पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय हो रहा नया पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के मौसम को फिर प्रभावित करेगा. इसके प्रभाव से कुछ जिलों में भारी बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है. विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल वर्षा की तीव्रता में आई कमी खरीफ फसलों के लिए लाभकारी रहेगी, क्योंकि लगातार बारिश के कारण कई क्षेत्रों में खेतों में जलभराव और फसलों के गलने का खतरा बढ़ गया था. जुलाई के शुरुआती दिनों की अच्छी वर्षा ने जून की कमी की भरपाई कर दी है. प्रदेश में अब तक लगभग 240 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य से करीब आठ प्रतिशत अधिक है.

पेज एक का शेष

भारत-न्यूजीलैंड के बीच दस समझौते

दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाते हुए 2030 के लिए एक रोडमैप जारी किया, जिसके तहत प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा. विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 35,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया और सहयोग, समन्वय तथा सूचना आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए समुद्री सुरक्षा संवाद स्थापित करने पर सहमति जताई. नई पहलों के तहत न्यूजीलैंड अवैध, अनियमित और बिना सूचना वाली मछली पकड़ने की गतिविधियों से निपटने के लिए हिंद-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) के समुद्री सुरक्षा स्तंभ में शामिल हुआ और सतत ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में भी शामिल हो गया. दोनों देशों ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए कीवी फल कार्य योजना शुरू करने और नागालैंड तथा उत्तराखंड में कीवी फल के लिए दो उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की. इसके अलावा भारत के राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र और न्यूजीलैंड के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के बीच अंटार्कटिक अनुसंधान में सहयोग की घोषणा की गई. कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान और न्यूजीलैंड के मैसी विश्वविद्यालय के बीच अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान और छात्र गतिशीलता के लिए सहयोग ढांचे की भी घोषणा की गई.

हंगामा — पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों का हिंसक प्रदर्शन

पथराव और चक्काजाम में 8 पुलिसकर्मी घायल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर/दतिया, 11 जुलाई. भाजपा नेतृत्व दतिया में पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों द्वारा किए गए हिंसक प्रदर्शनों, चक्काजाम एवं इन घटनाओं में एसपी और एएसपी समेत आठ पुलिसकर्मियों के घायल होने की घटना के बाद डॉ. मिश्रा पर सख्त हो गया है.

भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें आनन फानन में भोपाल तलब किया, जहां उन्हें अनुशासन की हद बताते हुए कड़ी नसीहत दी जा सकती है. हालांकि भोपाल पहुंचने के बाद डॉ मिश्रा ने कहा कि पार्टी के किसी बड़े नेता का उन्हें फोन नहीं आया. पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उसका मैं सम्मान करता हूं. नाराज कार्यकर्ताओं को मना लिया जाएगा. उन्होंने आश्वस्त किया कि उपचुनाव में सभी मिलकर काम करेंगे. इससे पूर्व आज शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे नरोत्तम समर्थकों द्वारा किए पथराव में एसपी मयूर खंडेलवाल, एएसपी, एसडीओपी और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए. वहीं कुछ नरोत्तम समर्थक कार्यकर्ताओं के भी घायल होने की सूचना है. हालात बिगड़ने पर पुलिस ने एसएएफ की तीन कंपनियां एवं अतिरिक्त बल तैनात किया. सुबह कुछ समर्थकों ने भाजपा कार्यालय में खुद को बंद कर लिया था, जिन्हें बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद बाहर निकाला गया.

वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दतिया उपचुनाव में भाजपा के भीतर चल रही नाराजगी पर कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा पार्टी के वरिष्ठ और समर्पित नेता हैं. संगठन के निर्णय का सम्मान करेंगे. उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा में टिकट घोषित होने के बाद उसे बदलने की परंपरा नहीं है. दतिया में भी उम्मीदवार बदलने की संभावना नहीं है.

संगठन प्रभारी के समक्ष लगे मुर्दाबाद के नारे: टिकट विवाद के बीच भाजपा के दतिया प्रभारी अभय प्रताप यादव शनिवार को दतिया पहुंचे. जब वे बात कर रहे थे, तभी कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे.

प्रशासन ने पूरे जिले में लागू की धारा 163

गौरतलब है कि दतिया उपचुनाव में भाजपा ने संघ से सीधे जुड़े आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है. बीती शाम यह खबर फैलते ही पूर्व गृह मंत्री डॉ. मिश्रा के समर्थक भड़क गए. उन्होंने हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. पूरे शहर में पथराव, चक्काजाम और पुलिस से झड़प शुरू हो गई. इसके बाद आज शनिवार सुबह प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 163 लागू कर दी. इसके तहत बिना अनुमति किसी भी सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. साथ ही 5 या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर भी रोक लगा दी गई है. बहरहाल, कोतवाली पुलिस ने 17 बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की है.

सिंधिया को बनाया दतिया क्षेत्र का मुख्य चुनाव प्रभारी

दतिया जिले में विधानसभा उपचुनाव और पार्टी की चुनावी तैयारियों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दतिया क्षेत्र का मुख्य चुनाव प्रभारी बनाया है. इसके बाद सिंधिया ने दतिया के भाजपा नेताओं से बात की है.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना

क्रमांक / 584//निविदा/ग्रायासेवा/2026-27 सतना, दिनांक 8-07-2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2026-27

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mpetenders.gov.in पर देखी जा सकती है. विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	संभाग	सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	विकास खण्ड	निविदा लागत (PAC) राशि लाख	अमानत राशि (राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का रुपये में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	आमंत्रण क्रम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	सतना	2026_RES _51993_1	खेल मैदान फेस 02 शासकीय छात्रा हायरसेकेण्डरी स्कूल मैहर नगर पालिका क्षेत्र मैहर	मैहर	4.59	9180	2000	03 माह	तृतीय

निविदा संबंधी तिथियों (Key Dates):-

1. समाचार में प्रकाशन हेतु भेजने का दिनांक - 08.07.2026
2. निविदा रिलीज करने का दिनांक - 15.07.2026
3. निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारंभ दिनाक - 16.07.2026
4. निविदा प्रपत्र क्रय करने का अंतिम दिनांक - 20.07.2026
5. ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक - 20.07.2026
6. ई. एम डी (मेन्डेटरी सबमीशन लिफाफो (ए) खुलने का दिनांक - 21.07.2026

यदि किसी निविदाकार द्वारा एस. ओ. आर. से कम दर पर निविदा प्रस्तुत की जाती है एवं स्वीकृत होती है तो एस. ओ. आर. से 10 प्रतिशत से कम दर प्रस्तुत करने पर निविदत्त राशि का 10 प्रतिशत से अधिक दर की राशि को (अतिरिक्त परफारमेन्स) अमानत राशि के रूप में फिक्स डिपाजिट प्रस्तुत करने पर ही अनुबंध कराया जावेगा।

नोट- उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो उसका प्रकाशन नही किया जावेगा। उक्त संशोधन http://www.mpetenders.gov.in में देखा जा सकता है।

G-15493/26

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग सतना (म.प्र.)